Naiduniya Dated 27th Dec 2017

सीक्रेट सांता में बच्चों ने गाए क्रिसमस के गाने

रायपुर। नईदुनिया रिपोर्टर

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर के सीएसआर क्लब ने एसओएस बाल ग्राम रायपुर में एक सीक्रेट सांता कार्यक्रम आयोजित किया। आईआईएम रायपुर के स्वयंसेवकों की टीम 'कर्तव्य' के 10 बजे एसओएस ग्राम पहुंचने के साथ ही कार्यक्रम शुरू हुआ। बच्चों के साथ प्रारंभिक बातचीत के बाद वहां मौजूद सहायकों की मदद से रुचिकर गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान बच्चों को उपहार और चॉकलेट वितरित किए गए। गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करने के बाद क्रिसमस के गाने गाए गए और बच्चों ने सांता क्लॉज के साथ नृत्य में भाग लिया।

कई खेल में बच्चों ने लिया भाग

एसओएस एक गैर–लाभकारी संगठन है, जो समुदायों और राज्यों के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों और परिवारों की सहायता करता है। इसके तहत गांव के 143 बच्चों ने म्यूजिक चेअर, डंब शेरेड्स, बलून पासिंग, क्रिकेट और अन्य खेलों में भाग लिया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने आठवीं और आगे की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए कॅरियर परामर्श भी आयोजित किया।